भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 211
गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**<u>घरेलू विमान किराए में वृद्धि</u>**

**211. श्री अरविंद सावंत:**

**श्री विनायक भाऊराव राऊत:**

**डॉ. चन्द्र सेन जादौनः**

**श्री संजय जाधव:**

**डॉ. संघमित्रा मौर्यः**

**श्री ओम पवन राजेनिन्बालकर:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या घरेलू विमान यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही हैं;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2010 से देश में कितने विमानपत्तनों का निर्माण किया गया है और तत्संबंधी स्थान वार और राज्य वार ब्यौरा क्या है विशेषकर महाराष्ट्र का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) निर्मित विमानपत्तनों में से वर्तमान में कितने विमानपत्तन प्रचालनरत हैं और कितने विमानपत्तन बंद पड़े हैं और उनका उपयोग न किए जाने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या देश के कई विमानपत्तनों पर सुविधाओं का क्षमता से कम उपयोग किया जा रहा है क्योंकि निजी विमान कंपनियों को उक्त विमानपत्तनों से प्रचालन करने की अनुमति नहीं है;

(ङ) महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के विभिन्न विमानपत्तनों से प्रचालन की इच्छा व्यक्त करने वाली एयरलाइनों की सूची क्या है;

(च) उक्त विमानपत्तनों से निजी विमान कंपनियों को प्रचालन की अनुमति न दिए जाने के क्या कारण हैं,

(छ) सरकार द्वारा विमान कंपनियों को अपेक्षित अनुमति प्रदान करने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं.

(ज) क्या सरकार का निजी एयरलाइनों को केआईएएल से बड़े आकार के विमान प्रचालित करने की अनुमति देने का विचार है; और

(झ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

**<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) )</u>**

(क) वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक घरेलू हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों का विवरण अनुलग्नक – I के रूप में संलग्न है।
(ख) महाराष्ट्र सहित, उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत शुरू किए गए हवाईअड्डों की राज्य-वार सूची अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न है।
(ग) किसी भी हवाईअड्डे का प्रचालन, हवाई यात्री मांग पूर्वानुमान, एयरलाइनों की मांग, वित्तीय तथा प्रचालन व्यवहार्यता, साथ ही इच्छुक विमान प्रचालनों के संदर्भ में अन्य सुविधाओं पर निर्भर करता है। एयरलाइनें, बाजार की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता तथा अपनी कंपनी नीति के आधार पर किसी विनिर्दिष्ट मार्ग/शहर पर अपनी उड़ान अनुसूची की योजना बनाती है, जो मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उड़ान योजना के तहत प्रचालित हवाईअड्डों की सूची, जहां से वर्तमान में कोई अनुसूचित प्रचालन नहीं की जा रही है, अनुलग्नक-III के रूप में संलग्न है।

(घ) से (झ) **:** वर्तमान में इंडिगो, एअर इंडिया, अकासा एयर, एयर एशिया इंडिया, स्पाइसजेट, विस्तारा, स्टार एयर एवं अलायंस एयर महाराष्ट्र में तथा इंडिगो, अकासा एयर, अलायंस एयर, एअर इंडिया, एयर एशिया इंडिया, स्पाइसजेट एवं विस्तारा उत्तर प्रदेश में उड़ानों का प्रचालन कर रही हैं। .

हवाईअड्डों से उड़ान सेवाओं के प्रचालन हेतु एयरलाइनों के अनुरोध को उपलब्ध वॉच ऑवर तथा हवाईअड्डे की क्षमता के आधार पर स्वीकार किया जाता है। मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के समाप्त किए जाने के पश्चात, भारतीय घरेलू विमानन बाजार पर नियंत्रण समाप्त कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप, एयरलाइनें अपनी सेवा तथा प्रचालन के क्रम में पसंदीदा बाजार एवं नेटवर्क का चयन करने के लिए किसी भी तरह के विमान के साथ क्षमता बढ़ा कर देशभर में प्रचालन शुरू कर सकती हैं। अतः, इस संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन, यातायात की मांग एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर किसी भी विनिर्दिष्ट स्थान के लिए हवाई सेवाएँ प्रदान करना, एयरलाइनों का सरोकार है।

सरकार, नागर विमानन क्षेत्र के विकास के लिए एक सहायक परिवेश प्रदान करती है, परंतु एयरलाइनों की प्रचालन योजनाओं में हस्तक्षेप नहीं करती है। अंतरराष्ट्रीय उड़ान प्रचालन भारत तथा संबंधित देशों के बीच द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते (एएसए) द्वारा नियंत्रित होते हैं। भारत में किसी भी स्थान से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का प्रचालन, मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता एवं अन्य संबंधित कारकों के आधार पर, सम्पूर्ण रूप से एयरलाइनों का वाणिज्यिक निर्णय है।

कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे में वाइड बॉडी विमानों की व्यवस्था के लिए रनवे, टैक्सी वे, पार्किंग बे एवं टर्मिनल भवन जैसे आवश्यक अवसंरचनाएँ मौजूद हैं।

****

**अनुलग्नक–I**

**अनुसूचित भारतीय वाहकों द्वारा अपने अनुसूचित घरेलू प्रचालनों में वहन किए गए यात्रियों की कुल संख्या।**

| वित्तीय वर्ष | वहन किए गए यात्री (संख्या में ) | विकास दर (प्रतिशत) |
|---|---|---|
| 2018-19 | 140,333,572 | - |
| 2019-20 | 141,202,237 | 0.62 |
| 2020-21 | 53,330,502 | -62.23 |
| 2021-22 | 84,184,459 | 57.85 |
| 2022-23 (अनन्तिम) | 136,028,656 | 61.58 |

अनुलग्नक- II

**74 प्रचालित आरसीएस हवाई अड्डों की सूची**
**(कुल 74 हवाईअड्डे जिनमें 19 अल्पपरिचालित और 55 अपरिचालित हवाई अड्डे शामिल हैं)**

| क्रमांक | राज्य | हवाईअड्डा | स्वामित्व | परिचालन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | कडप्पा (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 27-अप्रैल-2017 |
| 2. | | कुरनूल ( अपरिचालित ) (चरण-3) | एपी एयरपोर्ट डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड | 28-मार्च 2021 |
| 3. | असम | जोरहाट (अल्पपरिचालित) (चरण-2) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 1-अगस्त-2018 |
| 4. | | लीलाबारी (अल्पपरिचालित) (चरण-2) | एएआई | 15-जनवरी-2019 |
| 5. | | तेजपुर (अल्पपरिचालित) (चरण-2) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 26-अप्रैल-2018 |
| 6. | | रूपसी ( अपरिचालित ) (चरण-2) | एएआई | 8-मई 2021 |
| 7. | अरुणाचल प्रदेश | तेजू ( अपरिचालित ) (चरण-2) | एएआई | 15 अगस्त 2021 |
| 8. | | पासीघाट ( अपरिचालित ) (चरण-2) | आईएएफ | 24-मई 2021 |
| 9. | | होलोंगी ( अपरिचालित ) (चरण-4.3) | एएआई | 15-जनवरी-2023 |
| 10. | बिहार | दरभंगा ( अपरिचालित ) (चरण-2) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 08-नवंबर-2020 |
| 11. | छत्तीसगढ | जगदलपुर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | राज्य सरकार | 14-जून-2018 |
| 12. | | बिलासपुर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | राज्य सरकार | 1-मार्च-2021 |
| 13. | दमन और दीव | दीव (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 24-फरवरी-2018 |
| 14. | गुजरात | भावनगर (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 1-मई-2018 |
| 15. | | जामनगर (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 17-फरवरी-2018 |
| 16. | | कांडला ( अपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 1-जुलाई-2017 |
| 17. | | केशोद ( अपरिचालित) (चरण-2) | एएआई | 16-अप्रैल-2022 |
| 18. | | मुंद्रा ( अपरिचालित ) (चरण-1) | निजी | 17-फरवरी-2018 |
| 19. | | पोरबंदर (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 10-जुलाई-2017 |
| 20. | | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (डब्ल्यू) (अपरिचालित ) (चरण-3) | राज्य सरकार | 31-अक्टूबर-2020 |
| 21. | | साबरमती रिवर फ्रंट (डब्ल्यू) (अपरिचालित ) (चरण-3) | राज्य सरकार | 31-अक्टूबर-2020 |
| 22. | हरियाणा | हिसार ( अपरिचालित ) (चरण-2) | राज्य सरकार | 14-जनवरी-2021 |
| 23. | हिमाचल प्रदेश | शिमला ( अपरिचालित ) (चरण-1) | एएआई | 27-अप्रैल-2017 |
| 24. | | कुल्लू (अल्पपरिचालित) | एएआई | 13-मई-2019 |
| 25. | | मंडी - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित ) (चरण-2) | राज्य सरकार | 09-दिसंबर-2021 |
| 26. | | रामपुर - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित ) (चरण-2) | राज्य सरकार | 14-दिसंबर-2021 |
| 27. | झारखंड | देवघर ( अपरिचालित ) (चरण-4.1) | एएआई-झारखंड (जेवी) | 12-जुलाई-2022 |
| 28. | | जमशेदपुर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | टाटा स्टील लिमिटेड | 31-जनवरी-2023 |
| 29. | कर्नाटक | बेलगाम (अल्पपरिचालित) (चरण-3) | एएआई | 1-मई-2019 |
| 30. | | हुबली (अल्पपरिचालित) (चरण-2) | एएआई | 14-मई-2018 |
| 31. | | मैसूर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | एएआई | 2-सितंबर-2017 |
| 32. | | विद्यानगर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | एएआई | 21-सितंबर-2017 |
| 33. | | कलबुर्गी (गुलबर्गा) ( अपरिचालित ) | राज्य सरकार | 22-नवंबर-2019 |

| क्रमांक | राज्य | हवाईअड्डा | स्वामित्व | परिचालन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | (चरण-3) | | |
| 34. | | बीदर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एसजी) | 07-फरवरी-2020 |
| 35. | केरल | कन्नूर ( अपरिचालित ) (चरण-2) | निजी (केआईएएल) | 25-जनवरी-2019 |
| 36. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 31 मई 2017 |
| 37. | महाराष्ट्र | गोंदिया (अपरिचालित) (चरण-4) | एएआई | 13-मार्च-2022 |
| 38. | | जलगांव ( अपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 23-दिसम्बर-2017 |
| 39. | | कोल्हापुर ( अपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 8-अप्रैल-2018 |
| 40. | | नांदेड़ ( अपरिचालित) (चरण-1) | एमआईडीसी | 27-अप्रैल-2017 |
| 41. | | ओज़ार (नासिक) ( अपरिचालित) (चरण-1) | एचएएल | 23-दिसम्बर-2017 |
| 42. | | सिंधुदुर्ग ( अपरिचालित) (चरण-3) | राज्य सरकार | 9-अक्टूबर-2021 |
| 43. | मेघालय | शिलांग (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 26-अप्रैल-2018 |
| 44. | नागालैंड | दीमापुर (अल्पपरिचालित) (चरण-3) | एएआई | 07-दिसम्बर-2019 |
| 45. | ओडिशा | झारसुगुड़ा ( अपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 22-सितम्बर-2018 |
| 46. | | जयपोर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | राज्य सरकार | 03-अगस्त-2022 |
| 47. | | राउरकेला ( अपरिचालित ) (चरण-1) | सेल | 07-जनवरी-2023 |
| 48. | पांडिचेरी (यूटी) | पांडिचेरी (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 16-अगस्त-2017 |
| 49. | पंजाब | आदमपुर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 1-मई-2018 |
| 50. | | भटिंडा ( अपरिचालित ) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 27-अप्रैल-2017 |
| 51. | | लुधियाना ( अनारक्षित ) (चरण-1) | एएआई | 2-सितंबर-2017 |
| 52. | | पठानकोट ( अपरिचालित ) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 5-अप्रैल-2018 |
| 53. | राजस्थान | बीकानेर ( अनारक्षित ) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 26-सितंबर-2017 |
| 54. | | जैसलमेर ( अपरिचालित ) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 29-अक्टूबर-2017 |
| 55. | | किशनगढ़ ( अपरिचालित ) (चरण-2) | एएआई | 8-अक्टूबर-2018 |
| 56. | सिक्किम | पाक्योंग ( अपरिचालित ) (चरण-2) | एएआई | 4-अक्टूबर-2018 |
| 57. | तमिलनाडु | सेलम ( अपरिचालित ) (चरण-1) | एएआई | 25-मार्च-2018 |
| 58. | उत्तर प्रदेश | आगरा (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 8-दिसंबर-2017 |
| 59. | | इलाहाबाद (अल्पपरिचालित) (चरण-2) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 14-जून-2018 |
| 60. | | कानपुर ( चकेरी ) ( अपरिचालित ) (चरण-1) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 3-जुलाई-2018 |
| 61. | | हिंडन ( अपरिचालित ) (चरण-2) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 11-अक्टूबर-2019 |
| 62. | | बरेली ( अपरिचालित ) (चरण-2) | आईएएफ (सीई-एएआई) | 08-मार्च-2021 |
| 63. | | कुशीनगर ( अपरिचालित ) (चरण-3) | एएआई | 26-नवंबर-2021 |
| 64. | उत्तराखंड | पंतनगर (अल्पपरिचालित) (चरण-1) | एएआई | 4-जनवरी-2019 |
| 65. | | पिथौरागढ ( अपरिचालित ) (चरण-2) | राज्य सरकार | 17-जनवरी-2019 |
| 66. | | सहस्त्रधारा - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित) (चरण-2) | राज्य सरकार | 08-फरवरी-2020 |
| 67. | | चिन्यालीसौड़ - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित) (चरण-2) | राज्य सरकार | 08-फरवरी-2020 |
| 68. | | गौचर - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित) (चरण-2) | राज्य सरकार | 08-फरवरी-2020 |

| क्रमांक | राज्य | हवाईअड्डा | स्वामित्व | परिचालन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 69. | | नई टेहरी - **हेलीपोर्ट** (अपरिचालित) (चरण-2) | राज्य सरकार | 29-जुलाई-2020 |
| 70. | | श्रीनगर - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित) (चरण-2) | राज्य सरकार | 29-जुलाई-2020 |
| 71. | | हलद्वानी - **हेलीपोर्ट** ( अपरिचालित) (चरण-2) | राज्य सरकार | 8-अक्टूबर-2021 |
| 72. | | अल्मोडा - हेलीपोर्ट ( अपरिचालित ) (चरण-2) | सेना | 26-अगस्त-2022 |
| 73. | पश्चिम बंगाल | कूच बिहार ( अपरिचालित )(चरण-1) | | 21-फरवरी-2023 |
| 74. | | दुर्गापुर (अल्पपरिचालित)(चरण-1) | निजी | 25-जून-2019 |

**अनुलग्नक- III**

**30.06.2023 तक अप्रयुक्त पड़े हवाई अड्डों की सूची**

| क्र.सं. | राज्य | हवाईअड्डा |
|---|---|---|
| 1. | **गुजरात** | पोरबंदर |
| 2. | | मुंद्रा |
| 3. | | साबरमती रिवर फ्रंट (डब्ल्यू) |
| 4. | | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (डब्ल्यू) |
| 5. | **हरियाणा** | हिसार |
| 6. | **महाराष्ट्र** | जलगांव |
| 7. | | नांदेड़ |
| 8. | | गोंदिया |
| 9. | **पंजाब** | लुधियाना |
| 10. | | आदमपुर |
| 11. | | भटिंडा |
| 12. | | पठानकोट |
| 13. | **तमिलनाडु** | सेलम |
| 14. | **उत्तर प्रदेश** | हिंडन |
| 15. | **उत्तराखंड** | पिथोरागढ़ |
| 16. | | अल्मोडा (एच) |